Vijay Chandra
(Higher Judicial Service)
Registrar / Secretary

न्याय सब के लिए
ACCESS TO JUSTICE FOR ALL

उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति
High Court Legal Services Committee
म.प्र. उच्च न्यायालय, जबलपुर - 482 007
High Court of M.P., Jabalpur - 482 007

Phone & Fax : (0761) 2623225 (O)
94251-63489 (M)
94250-06020 (M)
E-mail : mphclsc@gmail.com
vijaychandravcin@gmail.com
Website : www.mphc.in

"नेशनल लोक अदालत"

दिनांक 18.04.2017

माननीय श्री न्यायमूर्ति दीपक मिश्रा, न्यायाधिपति, सर्वोच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष महोदय, नालसा, नई दिल्ली के निर्देशानुसार दिनांक **08 जुलाई, 2017 (शनिवार)** को "नेशनल लोक अदालत" का आयोजन अन्य न्यायालयों के साथ–साथ, म.प्र. उच्च न्यायालय के मुख्यपीठ जबलपुर में किया जाना है। नेशनल लोक अदालत में आपराधिक शमनीय प्रकरण, मोटर दुर्घटना से उद्भूत क्षतिपूर्ति हेतु दावा, चैक अनादरण के प्रकरण, भरण–पोषण /वैवाहिक विवाद प्रकरण, भू–अर्जन संबंधी प्रकरण, वेतन–भत्तों से संबंधित सेवा विवाद, राजस्व प्रकरण इत्यादि सहित सभी प्रकार के शमनीय प्रकरण, जो पूर्व से उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित हैं, को समझौता के माध्यम से निराकरण किये जाने हेतु रखा जावेगा। अतः समस्त पक्षकारों एवं विद्वान अभिभाषकगण को सूचित किया जाता है कि यदि वे अपने उपयुक्त प्रकरणों का निराकरण आपसी सहमति से कराना चाहते हैं, तो यथाशीघ्र प्रकरणों की सूची इस कार्यालय में ई–मेल, फैक्स, दूरभाष या स्वयं प्रस्तुत करें।

यह भी सूचित किया जाता है कि उसके पूर्व भी यदि वे उपयुक्त प्रकरणों की सुनवाई या राजीनामा के आधार पर तत्काल निराकरण चाहते हैं, तो वैसे प्रकरणों की सूची भी तत्काल इस कार्यालय को प्रस्तुत करें ताकि आगामी ***ग्रीष्मकालीन अवकाश*** *के दौरान होने वाली सुनवाई में प्राथमिकता के आधार पर उनका निराकरण किया जा सके।*

18.04.2017
(विजय चन्द्र)